उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

(लिखित परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड किये जाने हेतु महत्वपूर्ण सूचना)

संख्याःपीआरपीबी–बी (आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग)–07/2025 दिनांकःजून 04 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की **लिखित परीक्षा दिनांक 08–06–2026, 09–06–2026** एवं **10–06–2026** को प्रत्येक दिवस 02 पालियों में आयोजित की जा रही है।

2– **उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उनकी लिखित परीक्षा का प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर निम्नवत तिथियों पर उपलोड किया जायेगाः–**

क्र0सं0	परीक्षा का दिवस	प्रवेश पत्र जारी होने का दिनांक
1	08–06–2026	05–06–2026
2	09–06–2026	06–06–2026
3	10–06–2026	07–06–2026

3– अभ्यर्थियों की सुलभता हेतु समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 01–06–2026 द्वारा लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के परीक्षा के जनपद के आवंटन की अग्रिम सूचना पर्ची डाउनलोड किये जाने हेतु लिंक बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है, जिसमें आवंटित जनपद के साथ–साथ परीक्षा की तिथि भी अंकित है।

4– उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित परीक्षा दिवस के सापेक्ष प्रवेश पत्र जारी होने की नियत तिथि से पूर्व किसी भी अन्य परीक्षा तिथियों के प्रवेश पत्र अपलोड नहीं किये जायेगें।

5– अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वह अपनी परीक्षा तिथि के आधार पर प्रवेश पत्र जारी होने की अंकित तिथि को ही अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की कार्यवाही करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

6— यदि किसी उम्मीदवार को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती—2025 के लिखित परीक्षा के प्रवेश—पत्र को डाउनलोड करने में कठिनाई होती है, तो वह **हेल्पलाइन नम्बर—08064526226** व ईमेल **आईडी—helpdeskupcons2025@gmail.com** पर सम्पर्क कर सकता है।

7— यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।